JOHAR LIVE
बात जनहित की

पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 13 लाख रुपये के नकली नोट के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

पटना : पुलिस ने बिहार के मोतिहारी जिले के कोटवा के राजापुर मठिया के पास से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवकों के पास से करीब 13 लाख 500-500 रुपये के जाली नोट मिले हैं. वहीं पुलिस उस शख्स की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है, जिसे ये नकली नोट पहुंचाने थे. लोकसभा चुनाव के दौरान नकली नोट पकड़े जाने से आशंका जताई जा रही है कि ये नोट चुनाव के दौरान खपाए जाने थे. बता दें कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दो तस्कर नकली नोटों की बड़ी खेप लेकर यूपी से कोटवा आ रहे हैं.

Source: https://www.joharlive.com/news/police-gets-big-success-two-smugglers-arrested-with-fake-notes-worth-rs-13-lakh/